जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ–परीक्षा/नामांकन/2012/823 दिनांक : 21/03/2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
(केवल असंस्थागत आवेदन–पत्र अग्रेषित करने वाले महाविद्यालय)
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।

विषयः–प्रथम वर्ष के असंस्थागत छात्र/छात्राओं के नामांकन आवेदन पत्र जमा करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि आपके महाविद्यालय में **शैक्षणिक सत्र् 2011–12** के प्रथम वर्ष के समस्त असंस्थागत छात्र–छात्राओं के नामांकन आवेदन–पत्र तथा जन्म दिनांक, नाम/पिता का नाम, माता का नाम, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची के आधार पर ही नामांकन आवेदन में अंकित कर सूची कम्प्यूटरीकृत, कक्षावार (ALPHABETICAL) अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमानुसार अनिवार्य रूप दिनांक 31 मार्च, 2012 तक विश्वविद्यालय कार्यालय में भिजवाने की व्यवस्था करें।

प्रत्येक छात्र का नामांकन शुल्क बैंक चालान द्वारा समस्त ग्वालियर चम्बल संभाग की सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की शाखाओं/जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की शाखा द्वारा ही जमा कराया जावे जिसकी फोटो प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न की जावे एवं आवेदन–पत्र पर निर्धारित कॉलम में बैंक चालान क्रमांक, दिनांक एवं रुपये भी अनिवार्य रूप से महाविद्यालय/छात्र–छात्राओं द्वारा अंकित किया जाये तभी आवेदन–पत्र मान्य किये जावेंगे।

नामांकन आवेदन–पत्र के साथ मूल अर्हता, मूल प्रवृजन प्रमाण–पत्र संलग्न कर ही प्रस्तुत की जावे। अपूर्ण नामांकन आवेदन–पत्र किसी भी हालत में मान्य नहीं किया जावेगा। सत्र् 2011–12 से संबंधित समस्त प्रथम वर्ष के असंस्थागत छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु विश्वविद्यालय कार्यालय में सीधे न भेजा जावे। छात्र द्वारा भेजा गया नामांकन आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय द्वारा मान्य नहीं किया जावेगा।

उक्त तिथि के पश्चात् इस कार्यालय में प्रथम वर्ष हेतु असंस्थागत आवेदन पत्र 200/– रुपये विलम्ब शुल्क के साथ मान्य किये जावेंगे।

भ व दी य,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)